# सोवयित संघ का वघिटन

## प्रलिम्सि के लयि:

[सोवयित संघ](), [पंचवर्षीय योजनाएँ](), [नाटो](), [IMF](), [वशि्व बैंक](), [यूरोपीय संघ](),[नागोर्नो-कराबाख](), [आसयािन](), [ब्रह्मोस मसिाइल](), [अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षणि परविहन गलयिारा (INSTC)]()।

## मेन्स के लयि:

सोवयित संघ का वघिटन और भारत एवं वशि्व पर इसका प्रभाव। [द्वतिीय वशि्व युद्ध](), [1989 में बर्लनि की दीवार का गरिना](), [द्वधि्रुवीय वैश्वकि व्यवस्था](), [शीत युद्ध](), [1991 में उदारीकरण](), [अंतरकि्ष प्रौद्योगकिी](), [परमाणु ऊर्जा]()।

[स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस]()

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में, **25 दसिंबर** को उस दनि की वर्षगाँठ मनाई गई जब **क्रेमलनि** (रूसी सरकार का 'सत्ता केंद्र') से सोवयित ध्वज उतार दयिा गया था, जो [सोवयित संघ]() के अंत का प्रतीक था।

- **सोवयित संघ,** आधकिारकि तौर पर **सोवयित समाजवादी गणराज्य संघ (USSR)** वर्ष 1922 से वर्ष 1991 तक एक समाजवादी संघ था, जसिमें कई गणराज्य शामलि थे, जो **कम्युनसि्ट पार्टी** द्वारा शासति थे, और **रूस** प्रमुख शक्ति था।



# सोवियत संघ के गठन का कारण क्या था?

- **इतिहास (जारवादी शासन और राजशाही):** सोवियत संघ की जड़ें 1917 की रूसी क्रांति से जुड़ी हैं, जिसने रोमानोव राजवंश के 300 वर्ष के शासन (1613-1917) को समाप्त कर दिया।
    - **जार** के पास शासन, सेना और समाज पर **पूर्ण शक्ति** थी।
    - बढ़ती **असमानता** और **आर्थिक कठिनाई** ने असंतोष को जन्म दिया, जिससे क्रांति का मंच तैयार हो गया।
- **फरवरी क्रांति 1917:** विरोध प्रदर्शन और हड़ताल के परिणामस्वरूप **जार निकोलस द्वितीय** ने राजशाही को त्याग दिया।
    - जार के स्थान पर एक **अनंतिम सरकार** बनी, लेकिन उसे **पेत्रोग्राद सोवियत** के साथ सत्ता संघर्ष का सामना करना पड़ा, जिस पर **बोल्शेविकों और मेंशेविकों** जैसे **समाजवादी गुटों** का प्रभुत्व था।
- **अक्तूबर क्रांति 1917: लेनिन** और **ट्रॉट्स्की** ने **अक्तूबर क्रांति** में **बोल्शेविकों** का नेतृत्व किया, **अनंतिम सरकार** को समाप्त किया और **"सारी शक्ति सोवियतों को"** घोषित कर दी।
    - इसने **सोवियत शासन** की स्थापना और **राष्ट्रीयकरण** जैसी साम्यवादी नीतियों की शुरुआत को चिह्नित किया।
- **रूसी गृह युद्ध 1918-1922:** गृह युद्ध के दौरान रेड आर्मी ने **बोल्शेविक विरोधी शक्तियों** (व्हाइट गार्ड्स) से लड़ाई लड़ी।
    - बोल्शेविक विजयी हुए, **उन्होंने** अपनी शक्ति को मज़बूत किया और एकीकृत राज्य का मार्ग प्रशस्त किया।
- **USSR का गठन (30 दिसंबर 1922): सोवियत समाजवादी गणराज्य** संघ **(USSR) की** आधिकारिक घोषणा की गई, जो विश्व का पहला **साम्यवादी राज्य बन गया**।
    - **लेनिन के नेतृत्व में केंद्रीकृत आर्थिक नियोजन** और साम्यवादी शासन की शुरुआत हुई।
    - सोवियत नेतृत्व **लेनिन के** बोल्शेविक एकीकरण से लेकर **स्टालिन के** केंद्रीकरण, वर्ष 1936 के महान शुद्धिकरण और नाज़ी जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय, उसके बाद **ख्रुश्चेव के** सुधारों, **ब्रेझनेव की** स्थिरता और **गोर्बाचेव के** पुनर्गठन के प्रयासों तक विकसित हुआ।
- **द्वितीय विश्व युद्ध और लिथुआनिया- वर्ष 1940 का दशक:** बाल्टिक **राज्यों (एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया) को मोलोटोव-रिबेंट्रॉप संधि के बाद वर्ष 1940** (द्वितीय विश्व युद्ध) में जबरन सोवियत संघ में शामिल कर लिया गया था।
    - इन **बाल्टिक राज्यों को वर्ष** 1918 में रूसी साम्राज्य के पतन के बाद स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी।
    - युद्ध के पश्चात् USSR एक **महाशक्ति (वारसॉ संधि) के रूप में उभरा**, जिसने **समाजवादी ब्लॉक का नेतृत्व किया** और शीत युद्ध की **भूराजनीति पर हावी रहा**।

## विभिन्न चुनौतियों के कारण सोवियत संघ का विघटन कैसे हुआ?

- **आर्थिक स्थिरता: वर्ष** 1970 के दशक तक **सोवियत अर्थव्यवस्था** उत्पादकता और प्रौद्योगिकी के मामले में पिछड़ गई, तथा सैन्य और सैटेलाइट स्टेट्स पर अत्यधिक ज़ोर दिया जाने लगा, जिससे संसाधनों का दोहन हो रहा था।
    - न्यूनतम जीवन स्तर सुनिश्चित करने के लिये राज्य द्वारा दी जा रही सब्सिडी के बावजूद नागरिकों को **उपभोक्ता कमी और बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ा।**
- **गोर्बाचेव के सुधार:** ??????????? (खुलेपन) और ?????????????? (पुनर्गठन) जैसी गोर्बाचेव की नीतियों का उद्देश्य सुधार था लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी कमज़ोर हो गई।
    - वर्ष 1990 में बहुदलीय चुनावों और सेंसरशिप में कमी ने **लिथुआनिया और यूक्रेन** जैसे गणराज्यों में **राष्ट्रवादी आंदोलनों को बढ़ावा दिया**।
- **शीत युद्ध के दबाव के कारण पतन:** अमेरिका के साथ महंगी **शस्त्रों की दौड़, अफगानिस्तान में हार** और वर्ष 1989 में बर्लिन की दीवार के गिरने से सोवियत नियंत्रण कमज़ोर हो गया।
    - पश्चिमी आर्थिक मॉडलों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने में सोवियत संघ की विफलता ने आंतरिक अक्षमताओं को बढ़ा दिया।
- **राष्ट्रवादी आंदोलन और अलगाव: येल्तसिन** जैसे नेताओं के नेतृत्व में रूसी राष्ट्रवाद ने केंद्रीय नियंत्रण को कमज़ोर कर दिया, जबकि **बाल्टिक देशों और यूक्रेन ने** स्वतंत्रता की मांग की।
    - दिसंबर 1991 तक सोवियत संघ **स्वतंत्र राज्यों में विघटित हो गया, जिससे** द्विध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था का अंत हो गया।

## सोवियत संघ के पतन से वैश्विक शक्ति गतिशीलता को किस प्रकार नया आकार मिला?

- **एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था का उदय:** सोवियत संघ के पतन के साथ **शीत युद्ध** समाप्त हो गया तथा **अमेरिका** एकमात्र महाशक्ति बन गया, जिससे वैश्विक गठबंधनों का स्वरूप परिवर्तित हुआ।
    - **NATO** ने पूर्व की ओर विस्तार करने के साथ पोलैंड और बाल्टिक राज्यों जैसे पूर्व सोवियत ब्लॉक के देशों को एकीकृत किया, जिससे रूसी प्रभाव में कमी आई।
- **वैश्विक स्तर पर पूंजीवाद का प्रभुत्व:** **IMF** और विश्व बैंक जैसी पश्चिमी संस्थाओं ने पूर्व समाजवादी राज्यों में आर्थिक बदलावों को निर्देशित करने के साथ **उदार लोकतंत्र** एवं **मुक्त बाज़ार पूंजीवाद** को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई।
    - पूर्वी यूरोप के **यूरोपीय संघ** में एकीकरण ने अमेरिका के नेतृत्व वाले वैश्विक आधिपत्य को मज़बूत किया।
- **क्षेत्रीय शक्ति परिवर्तन से बहुध्रुवीयता का मज़बूत होना:** इस पतन से **चीन** एवं **भारत** को वैश्विक भूराजनीति में स्वयं को स्थापित करने का अवसर मिला।
    - मध्य एशियाई गणराज्य रूस, चीन एवं पश्चिम के साथ संबंधों को संतुलित करते हुए रणनीतिक हितधारक के रूप में उभरे।




## सोवयित संघ के पतन की वरिासत समकालीन संघर्षों को कसि प्रकार प्रभावति करती है?

- **राष्ट्रवाद और अनसुलझे ववािद:** वघिटन के कारण क्रीमयिा एवं पूर्वी यूक्रेन सहति **क्षेत्रीय ववािद** अनसुलझे रहने से अलगाववादी आंदोलनों को बढ़ावा मलिा।
  - रूस द्वारा वर्ष 2014 में **क्रीमयिा पर कब्जा करना** तथा यूक्रेन में चल रहा युद्ध, सोवयित युग के प्रभाव को पुनः प्राप्त करने के उसके प्रयास को दर्शाता है।
- **आर्मेनयिा-अज़रबैजान संघर्ष:** नागोर्नो-काराबाख पर आर्मेनयिा-**अज़रबैजान संघर्ष,** स्टालनि के वर्ष 1923 के उस नर्णिय से प्रेरति है जसिमें इस क्षेत्र को अज़रबैजान को हस्तांतरति कर दयिा गया था जबकि वहाँ बहुसंख्यक आबादी अर्मेनयिाई थी।
  - इस नर्णिय से जातीय तनाव का आधार तैयार हुआ, जो सोवयित संघ के पतन के बाद संघर्ष में बदल गया, क्योंकि आर्मेनयिा और अज़रबैजान नयिंत्रण के लयि प्रतस्पिर्द्धा कर रहे थे।
- **कोसोवो-सर्बयिा ववािद: कोसोवो ने वर्ष 2008 में सर्बयिा** से स्वतंत्रता की घोषणा की लेकनि सर्बयिा एवं कई देश अभी भी इसे मान्यता नहीं दे रहे हैं।
  - **जातीय तनाव** जारी **(वशिष रूप से उत्तरी कोसोवो जैसे सर्ब-बहुल क्षेत्रों में**) रहने से नरिंतर अस्थरिता को बढ़ावा मलिने के साथ **बाल्कन शांति प्रक्रयिा** में जटलिता आई।

- **नाटो के विस्तार से तनाव में वृद्धि:** नाटो के पूर्व की ओर विस्तार को रूस प्रत्यक्ष खतरा मानता है, जिससे उसकी सुरक्षा चिंताओं में वृद्धि हुई।
  - इसके अलावा **इससे अफगानिस्तान** जैसे संघर्षों को बढ़ावा मिला और इसकी विरासत से **पूर्वी यूरोप एवं उसके बाहर भू-राजनीतिक तनाव एवं अस्थिरता** को बढ़ावा मिल रहा है।
  - **रूस-यूक्रेन युद्ध** पश्चिमी शक्तियों और रूसी महत्त्वाकांक्षाओं के बीच व्यापक प्रतिस्पर्द्धा का प्रतीक है।
- **ऊर्जा संसाधन एवं भूराजनीति का आपस में संबंध:** साम्यवादी विचारधारा एवं यूएसएसआर की अनुपस्थिति में रूस अपने **तेल**, **गैस** और **रक्षा उपकरणों का लाभ उठाकर, विशेष रूप से यूरोप** पर प्रभाव डाल रहा है।

## सोवियत संघ के पतन का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा?

- **आर्थिक विविधीकरण और उदारीकरण:** पतन ने USSR के साथ भारत के व्यापार को बाधित कर दिया, जिससे विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिये **वर्ष 1991 में आर्थिक उदारीकरण** की आवश्यकता पड़ी।
  - भारत ने **आसियान** देशों के साथ संबंधों को मज़बूत करने हेतु **लुक ईस्ट पॉलिसी (अब एक्ट ईस्ट पॉलिसी)** और **पश्चिमी देशों** के साथ व्यापार और रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने के लिये हाल ही में **एक्ट वेस्ट पॉलिसी** के माध्यम से अपनी साझेदारियों में विविधता लाई है।
- **रक्षा संबंधों को नई वास्तविकताओं के अनुकूल बनाना:** आपसी रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भारत ने केवल रूसी सैन्य हार्डवेयर का आयात करने से आगे बढ़कर **ब्रह्मोस मिसाइल** जैसे संयुक्त उत्पादन समझौतों के माध्यम से अंतर को कम करना शुरू कर दिया है।
- भारत ने किसी एक स्रोत पर निर्भरता को कम करने के लिये अमेरिका, फ्राँस और इज़रायल के साथ **रक्षा सहयोग** को भी बढ़ाया।
- **सामरिक स्वायत्तता के लिये भू-राजनीतिक पुनर्संरेखण:** भारत ने अमेरिका और रूस के साथ अपने संबंधों में संतुलन स्थापित करते हुए **क्वाड** जैसी अमेरिकी नेतृत्व वाली परियोजनाओं में भाग लिया तथा मॉस्को के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखे।
  - भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को मज़बूत करने, बहुपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने और अधिक संतुलित वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये **ब्रिक्स** और **SCO** जैसे अन्य संगठनों में भी शामिल हुआ।
  - मध्य एशियाई संसाधनों तक पहुँच, विशेष रूप से **अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC)** जैसी पहलों के माध्यम से, प्राथमिकता बनी रही।
- **सांस्कृतिक और वैज्ञानिक सहयोग:** सोवियत काल के दौरान **सांस्कृतिक आदान-प्रदान** के परिणामस्वरूप भारतीय साहित्य और फिल्मों का पूर्व सोवियत राज्यों में आकर्षण का एक लंबा इतिहास रहा है।
  - **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी** और **परमाणु ऊर्जा** में सहयोग जारी रहा, जिससे द्विपक्षीय संबंध में वृद्धि हुई।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न**

प्रश्न: सोवियत संघ के पतन ने वैश्विक शक्ति संरचना को एकध्रुवीय विश्व में कैसे बदल दिया? चर्चा कीजिये

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन-सा देश मोल्दोवा के साथ सीमा साझा करता है? (2008)**

1. यूक्रेन
2. रोमानिया
3. बेलारूस

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

---

**?????:**

1. लेनिन की नव आर्थिक नीति- 1921 ने स्वतंत्रता के शीघ्र पश्चात् भारत द्वारा अपनाई गई नीतियों को प्रभावित किया था। मूल्यांकन कीजिये। (2014)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/disintegration-of-the-soviet-union